Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of Nanded-Loha-Ahmedpur-Latur Road and Bodhan-Mukhed-Latur Road Railway Lines in Maharashtra - laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): रेलवे ने नई लातूर रोड - नादेड़ रेल लाईन का सर्वेक्षण कार्य करवाया था परन्तु ज्ञात हुआ है कि इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट को रेल बोर्ड ने अस्वीकार कर फाईल बंद कर दी है। यदि इस लातूर रोड-नादेड़ नई रेल लाईन को 100k.m. और बढ़ा दिया जाए तो इससे वर्धा यवतमाळ नांदेड रूट भी जुड़ जाएगा। यह मार्ग होने से वर्धा - यवतमाल मार्ग विदर्भ, मराठवाडा, पश्चिम महाराष्ट्र, कोकण, कर्नाटक, केरल किनारपट्टी से भी जुड़ जाएगा। यही नहीं यह मार्ग होने से पश्चिम महाराष्ट्र, कोकण, कर्नाटक एवम उत्तर भारत का अंतर 175km तक कम होगा, नांदेड पुणे का अंतर 110km, नागपुर-कोल्हापूर का अंतर 175km तथा नागपुर-पुणे का अंतर 70km तक कम होगा। बीदर से नांदेड जाने के लिए भी लातूर रोड से यह मार्ग प्रशस्त होगा। यही नहीं, इस रेल मार्ग के बनने से इस मार्ग पर पड़ने वाले कई ज्यों के सैंकड़ों गांवों के लोगों को रेल सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। इससे छोटे-मंझोले और बड़े पापारियों एवं किसानों को अत्यधिक फायदा होगा एवं रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनहित में नांदेड. हा. अहमदपुर - लातुर रोड एवं बोधन-मुखेड-लातूर रोड नया रेल मार्ग का पुन: सर्वेक्षण करवाया जाए तथा इस लाईन के निर्माण का कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करवाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।